## एक नजर में

### संतोष सिंह जाट दिवंगत



नवभारत न्यूज, ब्यावरा 23 फरवरी, का. स्थानीय भंवरगंज निवासी संतोष सिंह जाट का अस्वस्थता के चलते आकस्मिक निधन हो गया. वह आकाश जाट एवं विकास के पिताजी थे. सहज, सरल एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनि श्री संतोष सिंह के निधन से भंवरगंज सहित मिलने-जुलने वालो में गहरा शोक व्याप्त हो गया. सोमवार को स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया. बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

### ट्रेनिंग से लौटे रिजर्व पुलिस बल के जवान का स्वागत किया



झाडला 23 फरवरी, सं. वर्षों की मेहनत के बाद ग्राम बरखेड़ा डोर के पंकज वर्मा का भारतीय रिजर्व पुलिस बल के जवान पद पर चयन बीते 7 जुलाई 2025 को हो गया था. चयन के बाद 6 माह के प्रशिक्षण के लिए कानपुर और तिरुन्नतपुरम मे समापन हुआ. पंकज वर्मा के गांव लौटने पर समस्त ग्रामीण जन द्वारा माला साफा पहनाकर एवं पूरे गांव में हर्ष उल्लाष के साथ ढोल बाजे, डी जे से जुलुश निकाल कर स्वागत किया गया एवं आशीर्वाद स्वरूप उपहार भेंट कर पँकज वर्मा के मंगल भविष्य की कामना की. पंकज के पिता जी भंवर लाल वर्मा किसान है और मां ग्रहणी है. उन्होंने ने अपनी पढ़ाई गांव के शासकीय विद्यालय और झाड़ला विद्यालय से की है. उन्होंने भर्ती की तैयारी नरसिंहगढ़ अकादमी में रह कर की है. पंकज की सेना मे जॉब लगने की बधाई दी समस्त ग्रामीण जनशिक्षक मनोज सक्सेना, प्रकाश उपाध्याय, ब्रजेन्द्र देरवल, छोटेराम वर्मा, कालूराम वर्मा, अवध वर्मा आदी.

### जिला पेंशनर्स फोरम की बैठक 25 फरवरी को

राजगढ़ 23 फरवरी, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 25 फरवरी 2026 को प्रातः 12 .30 बजे कलेक्ट्रे ट सभागार में जिला पेंशनर्स फोरम की बैठक आयोजित की जाएगी. जिला पेंशन अधिकारी श्री संदीप दुबे द्वारा पेंशनर्स संबंधी एजेंडा एवं दस्ताकवेज सहित बैठक में नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित रहने की अपेक्षा की है.

### पेंशन प्रोसेसिंग सेल प्रशिक्षण 24, 25 को

राजगढ़ 23 फरवरी, का. जिला पेंशन अधिकारी संदीप दुबे द्वारा दी गई जानकारी अनुसार राज्य केन्द्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल भोपाल का गठन किया गया है. उक्त आदेश के परिपालन में आगामी समय में राज्य शासन के अंतर्गत सेवानिवृत्त होने वाले समस्त शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण राज्य केन्द्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल भोपाल से संपादित किये जाना है।राज्य केन्द्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग की नवीन व्यवस्था के अंतर्गत पेंशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी का प्रशिक्षण 24 एवं 25 फरवरी को दोपहर 12बजे से कलेक्टोरेट मीटिंग हाल में आयोजित किया गया हैं.

# ठगी : आरटीजीएस कराना भारी पड़ गया

## किसान की मेहनत सुरक्षित : नरसिंहगढ़ पुलिस ने 39 लाख की धोखाधड़ी का किया खुलासा




नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 23 फरवरी, सं. पुलिस द्वारा किसानों के हित में एक बड़ी एवं निर्णायक कार्रवाई करते हुए भूमि विक्रय के नाम पर की गई 39 लाख रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा किया गया है. प्रकरण में 02 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर धोखाधड़ी की संपूर्ण राशि 39 लाख शत-प्रतिशत बरामद की गई है. जिले में किसानों के साथ होने वाले आर्थिक अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा संचालित विशेष अभियान ऑपरेशन किसान रक्षक के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नरसिंहगढ़ नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम ने त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की. बीते 24 नवंबर 2025 को थाना नरसिंहगढ़ में भूमि विक्रय के नाम पर धोखाधड़ी किए जाने संबंधी फरियादी जगदीश गुर्जर निवासी ग्राम शिवपुरा, थाना कुरावर की प्राप्त शिकायत पर अपराध क्रमांक 643/25 पंजीबद्ध कर धारा 318(4), 316(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया. फरियादी जगदीश गुर्जर निवासी ग्राम शिवपुरा, थाना कुरावर, जिला राजगढ़ की भूमि बांध निर्माण के कारण डूब क्षेत्र में चली गई थी. शासन से प्राप्त मुआवजा राशि से वह अन्यत्र कृषि भूमि खरीदना चाहता था.

इसी दौरान आरोपीगण धर्मेंद्र सिंह पिता राजेंद्र सिंह चौहान 35 वर्ष एवं अजबसिंह पिता कमल सिंह राजपूत 45 वर्ष सभी निवासी ग्राम दामा रुसल्ली, थाना पथरिया, जिला विदिशा ने 72 लाख रुपये में भूमि विक्रय का झांसा देकर फरियादी से 25 लाख आरटीजीएस एवं 14 लाख नगद, कुल 39 लाख रुपये प्राप्त कर लिए. जांच में ज्ञात हुआ कि संबंधित भूमि पूर्व में ही अन्य व्यक्ति को विक्रय की जा चुकी है तथा मामला न्यायालय में विचाराधीन है. स्वयं को ठगा महसूस करने पर फरियादी द्वारा थाना नरसिंहगढ़ में शिकायत दर्ज कराई गई. मामले में गंभीरता देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित की. बैंक ट्रांजेक्शन एवं तकनीकी साक्ष्यों के साथ आरोपियों की गतिविधियों की सतत निगरानी की गई. त्वरित दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है. 36 लाख 50 हजार आरोपी धर्मेंद्र सिंह चौहान से और 2 लाख 50 हजार आरोपी अजब सिंह राजपूत से बरामद किए है. आरोपी धर्मेंद्र सिंह चौहान पर जिला विदिशा में कई अपराधि मामले दर्ज है. कार्यवाही में शिवराज सिंह चौहान थाना प्रभारी, उप निरीक्षक अभय सिंह, केशव सिंह राजपूत, दीपक यादव, सूरज चांवरिया, मुकेश वर्मा, धर्मेंद्र रघुवंशी, सुनील मीणा, राघवेंद्र शर्मा, जगन यादव, मोनिका परमार, मनीष देलवार, बलराम जमरा सहित तकनीकी टीम से जितेन्द्र अजनारे, सादाब खान, शशांक सिंह, पवन मीणा शामिल रहे.

### ठगी की राशि बैंक से लेना भारी चूक रही

पुलिस ने मामले में बैंक ट्रांजेक्शन के जरिए आरोपियों का पीछा किया. आरोपी विदिशा जिले के शातिर बदमाश है और इन पर इस तरह के कई अपराध अलग-अलग थाना क्षेत्रो में पंजीबद्ध है. आरोपियों ने किसान से जो पैसा लिया उसकी एक बड़ी राशि उन्होंने बैंक के माध्यम से ली. यह राशि आरटीजीएस के द्वारा ट्रांसफर की गई. इसी को पुलिस ने अपनी विवेचना में सबसे पहले लिया और यही आरोपियों की निगरानी का बड़ा आधार बनीं. जिस बैंक खाते में किसानों द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से पैसा डाला गया था. उस खाते की जानकारी निकाली गई और बैंक के माध्यम से उस खाते पर हर गतिविधि की नजर रखी गई. साथ ही पुलिस आरोपियों का काफी समय तक पीछा करती रही और उनकी गतिविधियों पर नजर रखी. मौका मिलते ही पुलिस ने आरोपियों का धर दबोचा. तीनों आरोपियों को पुलिस एक साथ पकड़ना चाहती थी. मामले में 90 दिन बाद पुलिस ने खुलासा किया

# ट्रक में 80 किलो गांजे के साथ 3 आरोपी धराए

## कुरावर पुलिस ने 8 लाख का गांजा जब्त किया





नवभारत न्यूज

कुरावर 23 फरवरी, सं. कुरावर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 80 किलो गांजे के साथ आरोपियों को दबोचा है. पकड़े गए माल की कीमत 8 लाख बताई जा रही है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे नरसिंहगढ़ रोड पर श्रीदेव ढाबे के पास मुखबिर की सूचना पर कुरावर पुलिस ने 80 किलो गांजा ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 6477 से बरामद किया है. गांजे के साथ पुलिस ने कालू सिंह सोंधिया पिता नारायण सिंह सोंधिया निवासी जीरापुर, राजू राठौर पिता मांगीलाल राठौर निवासी जीरापुर, गिरिराज पिता भगवान सिंह निवासी जीरापुर को पकड़ा है. पुलिस के अनुसार जब्त माल की कीमत 8 लाख रूपए बताई जा रही है. वहीं तस्करी में प्रयुक्त ट्रक लगभग 9 लाख रुपए कीमत का है. वहीं 75 हजार के मोबाइल भी जब्त किए गए है. पुलिस ने एनडीपीएस की धारा 8/ 20 के तहत कार्रवाई की और आरोपियों कों कोर्ट में पेश किया.

# छात्रावास अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया

## फॉलोअप- मामला बालक प्री मैट्रिक छात्रावास का



नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 23 फरवरी, सं. सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा बताया गया कि प्रकाशित रिपोर्ट 23 फरवरी के संदर्भ में प्रातः 10.30 बजे 50 सीटर विमुक्त जाति बालक छात्रावास, खिलचीपुर में उपस्थित हुए. छात्रावास परिसर का निरीक्षण किया गया, छात्रावास अशासकीय भवन में संचालित है. छात्रावास निरीक्षण के समय छात्र सुरज मोंगीया, संदीप, विजय, सुरज भिलाला, अर्जुन, कपिल नायक, अनिल भिलाला, राहुल, नरेन्द्र आदि छात्र उपस्थित थे.**

छात्रों से चर्चा में ज्ञात हुआ कि जलवाहक स्थाईकर्मी प्रेमनारायण 22 फरवरी को सुबह के समय रसोई घर में ताला लगाकर चला गया था. जिसके कारण छात्रों को समय पर खाना नही मिल पाया, जिससे छात्रो को असुविधा एवं परेशानी का सामना करना पड़ा.

उन्होंने बताया कि प्रेमनारायण का 07 दिवस का वेतन काटने एवं अधीक्षक रामप्रसाद एवं जलवाहक को भी कारण बताओ भी सूचना पत्र जारी किया गया. अंशकालीक रसोईयन को हटाने के मौखिक आदेश दिए गए. छात्रावास भवन मालिक श्री दोलत मालाकार, मनोहरपुरा रोड को छात्रावास भवन में लगे पाईपों में पानी रिसाव रोकने हेतु सुधार कराने के संबंध में चर्चा कर भवन मालिक को पत्र जारी किया गया, अन्यथा की स्थिति में छात्रावास को अन्य भवन में स्थानांतरित किया जावेगा. साथ ही अधीक्षक को आवश्यक साफ-सफाई, सुरक्षा और समय पर छात्रो को प्रतिदिन स्वच्छ नाश्ता, भोजन उपलब्ध कराने तथा छात्रावास में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये.

### जगन्नाथपुरी के लिए तीर्थयात्रा 25 तक

राजगढ़/ब्यावरा 23 फरवरी, का. जिले से तीर्थ यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत तीर्थ स्थल जगन्नाथपुरी के लिए तीर्थयात्रा 20 से 25 मार्च तक रहेगी. मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिले में मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो आयकर दाता नहीं हैं जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा कर सकेंगे. पात्र हितग्राहियों से आवेदन पत्र संबंधित तहसीलों के माध्यम से आमंत्रित किए गए है. वरिष्ठ नागरिक निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है. तीर्थ स्थल जगन्नाथपुरी हेतु आवेदन 6 मार्च तक आमंत्रित किए गये है.

# सूने मकानों में चोरी करने वाले 02 शातिर चोर गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

छापीहेड़ा 23 फरवरी, सं. थाना छापीहेड़ा पुलिस ने 02 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा एवं पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई कर आरोपियों को दबोचा है. घटना बीते 14 फरवरी की ग्राम मोहन की है. दोपहर के समय घर पर ताला लगाकर खेत पर जाने के दौरान अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सूने मकान का ताला तोड़कर चांदी के आभूषण एवं नगदी चुरा ले गए थे. ग्राम मोहन निवासी फरियादी राम नारायण पिता कंवर लाल गुर्जर, निवासी ग्राम मोहन की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की. सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका एवं घटना में प्रयुक्त होंडा मोटरसाइकिल बरामद की गई.

**पूछताछ में एक और चोरी कबूल की-** कोतवाली राजगढ़ अंतर्गत फरियादी भेरुसिंह पिता मांगीलाल वर्मा निवासी ग्राम मनोहरपुरा ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी. जिसमें 14 फरवरी को को ग्राम मनोहरपुरा स्थित फरियादी के सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी एवं चांदी के आभूषण चोरी किए गए. पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी माखन सिंह द्वारा उक्त घटना करना स्वीकार किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों में माखन सिंह पिता चंदर सिंह गुर्जर, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम हिनौती थाना मक्सी जिला शाजापुर, बने सिंह पिता चंदर सिंह गुर्जर, उम्र 48 वर्ष, निवासी ग्राम हिनौती थाना मक्सी जिला शाजापुर शामिल है. आरोपी माखन सिंह पर हत्या एवं नकबजनी/चोरी के कई प्रकरण पंजीबद्ध हैं. इनमें थाना मक्सी, देवास, थाना हाट पीपल्या, सानेकच्छ, विजयगंज मंडी थानों में अपराध दर्ज है. कार्यवाही में हुकुम सिंह मीणा थाना प्रभारी सहित उप निरीक्षक जगदीश गोयल, काशीराम मीणा, जसवंत गोठरिया तकनीकी शाखा, साहब सिंह दिनकर, इंद्रपाल सिंह लोधी, सैनिक अरुण बना व कुलदीप सायबर सेल शामिल है.

# 108 के स्टाफ ने कराया सुरक्षित प्रसव

## सारंगपुर तहसील का मामला, गांव में ही प्रसूता को प्रसव कराया



नवभारत न्यूज

राजगढ़ 23 फरवरी, का. सारंगपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोरीखो में प्रसुता को प्रसव पीड़ा होने पर इमरजेंसी सेवा 108 एम्बुलेंस को कॉल किया. सूचना पर एम्बुलेंस लेकर पहुंचे स्टॉफ द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया. जानकारी के अनुसार एम्बुलेंस लेकर गांव पहुंचे स्टॉफ ने देखा की प्रसुता को प्रसव पीड़ा अधिक हो रही थी. पायलट घनश्याम वर्मा एवं एमटी सुनील वर्मा के द्वारा तुरंत निर्णय लिया गया और घर पर ही सुरक्षित प्रवास कराया गया. प्रसुता ने एक स्वस्थ बालिका को जन्म दिया. महिला और बालिका दोनों स्वस्थ है दोनों को समीप के अस्पताल भेसवा माताजी में पहुंचकर भर्ती कराया गया.



# खतरा बने हुए है बिजली के खुले उपकरण

## ट्रांसफार्मर के पास नहीं सेफ्टी जाली

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 23 फरवरी, का. विद्युत उपकरणों में आये दिन फाल्ट होने तथा कई जगह इनके असुरक्षित होने के कारण जोखिम बन रहता है, नगर में अनेक जगह ट्रांसफार्मर ओपन होकर जमीन से टिके हुए है. इनके आसपास सुरक्षा की दृष्टि से कोई जाली तक नहीं लगी होने से खतरा बना रहता है.**

गौरतलब है कि नगर में मौजूद ट्रांसफार्मर, केबल, पोल में फाल्ट होकर आग सुलगने की घटनाएं अनेक बार हो चुकी है, आये दिन इस तरह के मामले सामने आते है, जबकि विभाग द्वारा समय-समय पर सतत् रुप से मैंटेनेंस कार्य किया जाता है. जूना ब्यावरा में जैन मंदिर के यहां पुलिया के समीप मौजूद ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, इसका डीपी बॉक्स काफी नीचे की और है तथा इसके आसपास सुरक्षा की दृष्टि से कोई जाली नहीं लगी हुई है, यह पूरी तरह ओपन होने से खतरा बना रहता है. पीपल चौराहा के सामने नपा कॉम्पलेक्स में ट्रांसफार्मर भी ओपन है, इसी प्रकार कई अन्य घने रहवासी स्थानों पर ट्रांसफार्मर ओपन होने से जोखिम बना रहता है.

**मैंटेनेंस के बाद भी फुंक रहे उपकरण-** विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा आये दिन शेड्यूल जारी कर मैंटेनेंस का कार्य किया जाता है, व्यापक स्तर पर मैंटेनेंस करने के बाद भी विद्युत उपकरणों में खराबी का दौर जारी है.

**आये दिन होता है ट्रांसफार्मर में फाल्ट-** जैन मंदिर के समीप जूना ब्यावरा स्थित नाले की पुलिया के यहां मौजूद ट्रांसफामर से आये दिन चिंगारी उठकर फाल्ट होता रहता है, उक्त ट्रांसफार्मर पर क्षमता से कहीं अधिक लोड होना बताया जाता है जिसके चलते फाल्ट होते रहते है. अनेक बार जोर की आवाज के साथ फाल्ट होने के कारण दहशत का वातावरण बन जाता है.

**सुरक्षा की दृष्टि से सेफ्टि जरुरी-** जिस तरह से रहवासी क्षेत्र में इस तरह खुले तौर पर विद्युत उपकरण मौजूद है वहां पर सेफ्टि के लिए इनके आसपास फेंसिंग कर इन्हें सुरक्षित किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में कभी कोई अनहोनी न हो तथा विद्युत उपकरण से सुरक्षा भी बनी रहे. एई अजीत भुमरकर के अनुसार निरीक्षण कर जहां-जहां भी ऐसे ट्रांसफार्मर है सुरक्षा की दृष्टि से उनके आसपास फेंसिंग करवाई जाकर उनको पूरी तरह से सुरक्षित किया जाएगा.

**खेती** ▶ जल्दी बारी को लेकर सोमवार ही मंडी पहुंचे उपज लेकर किसान

# मण्डी में किसानों ने एक दिन पहले जमाया डेरा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 23 फरवरी, का. कृषि उपज मंडी में रविवार एवं सोमवार को अवकाश रहा. आज मंगलवार को मंडी में नीलामी कार्य शुरु होगा. जल्द बारी को लेकर सोमवार ही बड़ी संख्या में उपज से भरे वाहन मंडी परिसर में आ गये.**

गौरतलब है कि मंडी में अधिक अवकाश के चलते नीलामी कार्य बंद होने से किसानों को उपज बेचने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है. प्रायः अवकाश के बाद अधिक आवक होती है. इसको देखते हुए मंडी शुरु होने के एक दिन पूर्व ही बड़ी संख्या में उपज से भरे वाहन मंडी में आ पहुंचते है.



### इस माह 23 दिन में 9 दिन अवकाश

फरवरी माह के 23 दिन में 9 दिन स्थानीय मंडी में अवकाश रहा. जानकारी के अनुसार 1 एवं 2 फरवरी, 8 एवं 9 फरवरी, 15, 16 एवं 17 फरवरी को अवकाश रहा. जबकि 22 एवं 23 फरवरी को भी नीलामी कार्य बंद होने से अवकाश रहा.

### चना एवं मसूर की फसलों का पंजीयन 16 मार्च तक

नवभारत न्यूज, राजगढ़/ब्यावरा 23 फरवरी, का. समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर फसल के उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) की नीति के अनुसार समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर फसल के उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य 16 मार्च तक किया जाएगा. जिले में कुल 84 गेहूं पंजीयन केन्द्रों का चयन किया गया है. इन सभी केन्द्रों पर गेहूं के साथ-साथ चना एवं मसूर फसल के पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी. किसान भाई निर्धारित अवधि में संबंधित पंजीयन केन्द्र पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवा सकते है. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि पंजीयन कार्य पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जाए तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो.